Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure compliance of guidelines of District Development Coordination and Monitoring Committee (DISHA) by district authorities particularly in Sitapur district, Uttar Pradesh - laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जिला विकास सहयोग व निगरानी समिति "दिशा" में माननीय सांसदों को अध्यक्ष एवं सह-अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाता है । लेकिन देश के विभिन जिलों के जिलाधिकारियों विशेषतः उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद सीतापुर के जिलाधिकारी द्वारा समिति की बैठकों के लिये निर्देशों का न केवल कथित रूप से उल्लंघन किया जा रहा है, बल्कि समिति की बैठकें कब और कहाँ आहूत की जायगी, इसकी भी न तो कोई औपचारिक सूचना और न ही बैठकों से सम्बंधित पाठ्य सामग्री एवं जनपद की मौजूदा विकास योजनाओं की रूप रेखा इत्यादि भी भेजी जा रही है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश के विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों विशेषतः उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद सीतापुर के जिलाधिकारी को "दिशा" समिति बैठकों के लिये केंद्र सरकार द्वारा दिए गये निर्देशों का सख्ती से अनुपालन किये जाने, बैठकों की जानकारी और इससे सम्बंधित पाठ्य सामग्री एवं विकास योजनाओं की रूप रेखा इत्यादि समय पर भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया जाए ।